# University in News on 06 January 2025

## i-NEXT PAGE 5

# 60 सेंटर्स पर होंगे बीएड सेमेस्टर के एग्जाम

**एलयू ने जारी की पांच जिलों के परीक्षा केंद्रों की सूची**

**LUCKNOW (5 Jan):** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बी.एड विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्रों की सूची जारी कर दी है. परीक्षा के लिए लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई और लखीमपुर खीरी को मिलाकर 60 डिग्री कालेजों को केंद्र बनाया गया है. इसके अलावा 18 नोडल केंद्र भी हैं.

### पांच जिलों के 124 कॉलेज

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी सूची के अनुसार 60 केंद्रों पर पांच जिलों के करीब 124 कालेजों के बी.एड कोर्स के विद्यार्थी परीक्षा देंगे. छात्र-छात्राएं एलयू की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर अपना परीक्षा केंद्र देख सकते हैं. बी.एड तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 से 30 जनवरी एवं प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 25 से 31 जनवरी तक आयोजित की जाएंगी.

### परीक्षा कार्यक्रम बदला

लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक के तीन परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव कर दिया है. अब एम.एससी माइक्रोबायोलाजी पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 23 जनवरी और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 29 जनवरी तक होंगी. एम.एससी बाटनी पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 23 जनवरी व तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 27 जनवरी तक संचालित की जाएंगी. वहीं, एम.एससी एनवायरमेंटल पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं अब 13 से 23 जनवरी एवं तीसरे सेमेस्टर की यह परीक्षाएं 17 से 29 जनवरी तक तय की गई हैं.



### एमएससी तीसरे सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 29 को

एलयू के भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से एम.एससी तीसरे सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 29 जनवरी को होगी. इसमें बैच ए से डी तक के विद्यार्थियों को सुबह 10 बजे विभाग में पहुंचना होगा. विभागाध्यक्ष प्रो. ओंकार प्रसाद ने इसकी सूचना जारी की.

## i CITY BRIEFS

### इंटर्नशिप प्रोजेक्ट की वायवा परीक्षा सात को

**LUCKNOW :** लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने बी.काम पांचवें सेमेस्टर के छूटे छात्र-छात्राओं के इंटर्नशिप प्रोजेक्ट की वायवा परीक्षा की तिथि तय कर दी है. यह वायवा परीक्षा सात जनवरी को दोपहर 12 बजे से होगी. सेक्शन ए से एफ तक के विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि व समय पर ओल्ड ब्लाक के डीन कक्ष में उपस्थित होना होगा. डीन अर्चना सिंह ने इसकी सूचना जारी की.

### अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी लगाएंगे प्रदर्शनी

लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय छात्र-छात्राएं इसी महीने स्कल्पचर और पेंटिंग प्रदर्शनी लगाएंगे. प्राचार्य प्रो. रतन कुमार ने बताया कि कालेज में पढ़ने वाले श्रीलंका, बांग्लादेश, मारीशस व इरान के छात्र-छात्राओं के स्कल्पचर और पेंटिंग में अच्छा कार्य कर रहे हैं, इसी माह उनकी प्रदर्शनी लगाई जाएगी.

### पीएचडी कोर्स वर्क का परिणाम जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग ने सत्र 2023-24 के पी.एचडी कोर्स वर्क का परिणाम जारी कर दिया है. छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://.www.lkouniv.ac.in/ पर सूची देख सकते हैं.

## JAGRAN CITY PAGE III

# 60 केंद्रों पर बीएड सेमेस्टर परीक्षाएं

**लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी की पांच जिलों के परीक्षा केंद्रों की सूची**

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बी.एड विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्रों की सूची जारी कर दी है। परीक्षा के लिए लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई और लखीमपुर खीरी को मिलाकर 60 डिग्री कालेजों को केंद्र बनाया गया है। इसके अलावा 18 नोडल केंद्र भी हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी सूची के अनुसार 60 केंद्रों पर पांच जिलों के करीब 124 कालेजों के बी.एड कोर्स के विद्यार्थी परीक्षा देंगे। छात्र-छात्राएं लवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपना परीक्षा केंद्र देख सकते हैं। बी.एड तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 से 30 जनवरी एवं प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 25 से 31 जनवरी तक आयोजित की जाएंगी।

**पीजी के तीन विषयों का परीक्षा कार्यक्रम बदला :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक के तीन परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव कर दिया है। अब एम.एससी माइक्रोबायोलाजी पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 23 जनवरी और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 29 जनवरी तक होंगी। एम.एससी बाटनी पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 23 जनवरी व तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से 27 जनवरी तक संचालित की जाएंगी। वहीं, एम.एससी एनवायरमेंटल पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं अब 13 से 23 जनवरी एवं तीसरे सेमेस्टर की यह परीक्षाएं 17 से 29 जनवरी तक तय की गई हैं।

**एमएससी तीसरे सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 29 को :** लवि के भौतिक विज्ञान विभाग की ओर से एम.एससी तीसरे सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा 29 जनवरी को होगी। इसमें बैच ए से डी तक के विद्यार्थियों को सुबह 10 बजे विभाग में पहुंचना होगा। विभागाध्यक्ष प्रो. ओंकार प्रसाद ने इसकी सूचना जारी की।